
# देश में आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था जरूरी: मोदी

मुंबई | एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि क्षेत्र में बढ़ते उत्पादन का हवाला देते हुए सोमवार को फसलों की कटाई के बाद क्रांति (पोस्ट हार्वेस्ट रिवॉल्यूशन) की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी से देश के समक्ष उभरी अप्रत्याशित चुनौतियों के बावजूद मेहनती किसानों ने रिकॉर्ड उत्पादन किया। देश में आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था जरूरी है।

नाबार्ड के स्थापना दिवस पर जारी एक संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में लगातार बढ़ रहे कृषि उत्पादन के मद्देनजर फसलों की कटाई खत्म होने के बाद क्रांति और मूल्यवर्धन की



आवश्यकता है। प्रधानमंत्री का संदेश यहां आयोजित एक समारोह में पढ़कर सुनाया गया। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए तीव्र गति से हम अपने प्रयासों की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। सिंचाई से लेकर बुआई, कटाई और आय का प्रौद्योगिकी आधारित संपूर्ण समाधान पाने के लिए हम व्यापक कदम उठा रहे हैं।